दैनिक भारत कि
# तामीर
संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com
Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-२ ला | अंक-९६ वा | रविवार १५ फ़रवरी २०२६ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४



# ‘मां और मिट्टी से हमारा गहरा रिश्ता’ : पशुपालन से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करेंगे - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

**परळी वैजनाथ, १४ फरवरी:**
**मां और मिट्टी से हमारा रिश्ता बेहद मजबूत है। हमारी संस्कृति का पूरा चक्र पर्यावरण अनुकूल और प्राकृतिक श्रृंखला के अनुरूप है। पशुपालन के माध्यम से आने वाले समय में मराठवाड़ा, विदर्भ सहित पूरे महाराष्ट्र में नवाचार और अनुसंधान के जरिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यह विश्वास महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने परळी वैजनाथ में आयोजित ‘महा पशुधन एक्सपो’ के मुख्य समारोह में व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुसंवर्धन मंत्री पंकजाताई मुंडे ने विभाग में प्रभावी कार्य की शुरुआत की है और पशुपालन के माध्यम से रोजगार सृजन हेतु प्रस्तावित सभी नई योजनाओं को राज्य सरकार भरपूर निधि प्रदान करेगी।**



वहीं पशुसंवर्धन मंत्री पंकजाताई मुंडे ने कहा कि देश में पशुपालन को कृषि का दर्जा देने वाले जिम्मेदार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पशुधन उद्योग योजना प्रभावी रूप से लागू की जाएगी, जिससे नए उद्यमी तैयार होंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर पशुसंवर्धन विभाग की ओर से पंकजाताई मुंडे की संकल्पना और पहल से शुरू हुए राष्ट्रीय स्तर के ‘महा पशुधन एक्सपो’ का मुख्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने एक्सपो में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे, विधायक रत्नाकर गुट्टे, पूर्व विधायक बदामराव पंडित, पूर्व विधायक गोविंद केंद्रे, संजय दौंड, परळी नगराध्यक्ष पद्मश्रीताई धर्माधिकारी, गेवराई नगराध्यक्ष गीता पवार, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदडा, पशुसंवर्धन विभाग के सचिव डॉ. रामास्वामी एन., जिलाधिकारी विवेक जॉन्सन, जिला पुलिस अधीक्षक नवनीत कावत, भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर देशमुख सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि और उससे जुड़े व्यवसायों को राज्य सरकार का पूरा समर्थन रहेगा। आधुनिक समय में मां और मिट्टी से टूटते संबंधों को पुनः जोड़ने के लिए पशुपालन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे किसान समृद्ध होंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। प्राकृतिक खेती, दुग्ध उत्पादन वृद्धि, नवाचार और अनुसंधान जैसे उपक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। आने वाले समय में चारा विकास कार्यक्रम भी प्राथमिकता से लागू किया जाएगा।

पंकजाताई मुंडे ने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और जलस्वराज्य योजना ने ▶▶पान ४ पे

# ‘एक ही मिशन-शासन सेवा में समायोजन’ : मनरेगा के हजारों संविदा कर्मचारियों का आंदोलन जारी




बीड (काज़ी अमान): ‘एक ही मिशन - शासन सेवा में समायोजन’ की मुख्य मांग को लेकर राज्य के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के हजारों संविदा कर्मचारियों ने मुंबई के आज़ाद मैदान में २ फरवरी २०२६ से राज्यव्यापी धरना आंदोलन शुरू कर रखा है।

राज्य के ३४ जिलों के ४३०० से अधिक कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के अंतर्गत चलने वाले कई कार्य जैसे आवास (घरकुल), सड़क निर्माण, कुएं, खेत तालाब और फल बागान रोपण जैसे कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।

इस आंदोलन में बीड जिले के एपीओ गणेश जोगदंड, अजित कुडके, विशाल मिसाल, मंगेश चोरमले, चंद्रकांत शिंदे, ज्ञानेश्वर तौर, विशाल खाकरे, अक्षय गवते, राजेंद्र घुमरे सहित हजारों कर्मचारी शामिल हैं।

पिछले दस दिनों से जारी इस राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन में मनरेगा कर्मचारियों की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं:

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यरत सभी संविदा अधिकारी एवं कर्मचारियों को अन्य योजनाओं के कर्मचारियों की तरह शासन सेवा में नियमित / समायोजित किया जाए।

मनरेगा के अंतर्गत ड-२ खपर्षींशलह कंपनी के माध्यम से की जा रही कथित अनधिकृत और अवैध भर्ती प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए तथा S-2 Infotech कंपनी को ▶▶पान ४ पे

# शिवाजी महाराज और टीपू सुल्तान अंग्रेजों से लड़ रहे थे, तब संघी विचारधारा के लोग उनकी चाकरी कर रहे थे - कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का फडणवीस को जवाब

मुंबई (जमीर काज़ी):

छत्रपति शिवाजी महाराज का पराक्रम अद्वितीय है, शिवराय हमारा स्वाभिमान हैं और टीपू सुल्तान पराक्रमी तथा स्वराज्यप्रेमी थे। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया। जब छत्रपति शिवाजी महाराज और टीपू सुल्तान विदेशी शक्तियों से लड़ रहे थे, उस समय देवेंद्र फडणवीस जिस संघ-भाजपा विचारधारा से आते हैं, उस विचार के लोग अंग्रेजों की गुलामी और जासूसी कर रहे थे। यह तीखा हमला कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर किया है।

मालेगांव महापालिका के उपमहापौर द्वारा अपने कार्यालय में टीपू सुल्तान का फोटो लगाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। इस मुद्दे पर हर्षवर्धन सपकाळ ने टीपू सुल्तान की तुलना शिवाजी महाराज से की थी। इस पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने इसे महाराज का अपमान बताते हुए सपकाळ से माफी मांगने की मांग की थी।

इसके जवाब में सपकाळ ने ट्वीट कर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस हमें इतिहास सिखाने की कोशिश न करें। शिवराय हमारा स्वाभिमान हैं और टीपू सुल्तान पराक्रमी तथा स्वराज्यप्रेमी थे। वे शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलते हुए अंग्रेजों के ▶▶पान ४ पे

# गोमांस बिक्री पर गेवराई पुलिस की कार्रवाई

## २ क्विंटल ६५ किलो गोमांस जब्त; दो आरोपी हिरासत में

गेवराई, १४ (प्रतिनिधि): जिले में अवैध धंधों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देशों के तहत गेवराई पुलिस ने शहर के खाटीक गली क्षेत्र में छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान २ क्विंटल ६५ किलो गोमांस जब्त किया गया तथा दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

१४ तारीख की सुबह गेवराई पुलिस ने तीन अलग-अलग टीमों का गठन कर खाटीक गली के तीन विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापे मारे।

कार्रवाई के दौरान आयान खलील शेख के कब्जे से १४५ किलो गोमांस तथा संबंधित सामग्री जब्त की गई। वहीं अख्तर इस्माईल कुरैशी के पास से ६० किलो गोमांस बरामद किया गया। रफीक कुरैशी फरार बताया गया है, जबकि उसके स्थान से ६० किलो गोमांस जब्त किया गया।

कुल मिलाकर २ क्विंटल ६५ किलो गोमांस, जिसकी अनुमानित कीमत ६० हजार ४०० रुपये है, पुलिस ने जब्त किया है। इस मामले में गेवराई पुलिस थाने में देर रात तक मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नवनीत काँवत, अपर पुलिस अधीक्षक सचिन पांडकर, पुलिस उपअधीक्षक अनिल कटके तथा पुलिस निरीक्षक किशोर पवार के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक सतीश कोटकर, अण्णासाहेब पवार, दीपक लंके तथा पुलिस कर्मचारी चंद्रसेन माली, दिलीप सरवदे, हंबर्डे, जितेंद्र ओव्हाळ और गोरक्ष डोके की टीम द्वारा की गई।

# पंकजा मुंडेका परळी में हृदयपूर्वक सम्मान, नगरसेवक ॲड.गोविंद शिराळे पाटीलने किया सत्कार

बीड प्रतिनिधि।

परळी में जाकर बीड के नगरसेवक एडवोकेट गोविंद नवनाथ शिराळे पाटिल ने महाराष्ट्र की पर्यावरण एवं पशुसंवर्धन विभाग की पूर्व पालकमंत्री नामदार पंकजाताई मुंडे का नगरसेवक बनने का अवसर देने के लिए हृदयपूर्वक सत्कार किया।



इस अवसर पर पंकजाताई मुंडे ने नगरसेवक एड. गोविंद शिराळे पाटिल को संबोधित करते हुए कहा कि आप पर बीड शहर के लोगों की सेवा करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आम नागरिकों की समस्याओं ▶▶पान ४ पे

# पांच लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न

बीड, १४ (प्रतिनिधि): व्यवसाय बढ़ाने के लिए मायके से पांच लाख रुपये लाने की मांग करते हुए एक विवाहिता के साथ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किए जाने का आरोप उसके पति पर लगाया गया है। इस संबंध में पेठ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

शिकायतकर्ता सबीया बेगम मोहम्मद अब्दुल अतीक (आयु ४२ वर्ष) वर्तमान में बीड में अपने मायके में रह रही हैं। उनकी शिकायत के अनुसार, उनका विवाह १७ सितंबर २००० को हैदराबाद में मोहम्मद अब्दुल अतीक के साथ मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। शुरुआती कुछ वर्षों तक वैवाहिक जीवन सामान्य रूप से चलता रहा। उनके एक पुत्र और एक पुत्री हैं।

इसके बाद पति ने चप्पल की दुकान के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए मायके से पांच लाख रुपये लाने की मांग की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पैसे न लाने पर पति द्वारा गाली-गलौज, ▶▶पान ४ पे

# अलीबाग में ग्रामस्थों और विधानसभा अध्यक्ष के बीच कथित झड़प ?

जमीर काज़ी

मुंबई : विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नार्वेकर और स्थानीय किसानों के बीच तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। ग्रामस्थों के आक्रोश के बीच नार्वेकर वहां से निकलते नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो के सामने आने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शिवसेना (ठाकरे गुट) के सांसद संजय राउत और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने अपने-अपने ‘एक्स’ अकाउंट पर यह वीडियो साझा कर नार्वेकर पर निशाना साधा है। उन्होंने सवाल उठाया है कि विधानसभा अध्यक्ष के साथ यह झड़प कहां और क्यों हुई?

संजय राउत ने वीडियो शेयर करते हुए अपनी पोस्ट में लिखा,

## संजय राउतने वायरल किया वीडियो

विधानसभा अध्यक्ष के साथ यह हाथापाई कहां और क्यों हुई? राहुल नार्वेकर को वहां से निकलना पड़ा! आप बताएंगे या मैं बताऊं?



राउत ने इस पोस्ट में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रधानमंत्री कार्यालय को भी टैग किया है।

वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने भी यह वीडियो शेयर करते हुए आरोप लगाया कि अलीबाग तालुका के म्हात्रोळी गांव में स्थानीय किसानों को विश्वास में लिए बिना राहुल नार्वेकर दबाव बनाकर खेत की माप-जोख का काम करवा रहे थे। किसानों के विरोध के कारण उन्हें वहां से जाना पड़ा।

मेरा कोई संबंध नहीं - राहुल नार्वेकर

इस मामले पर सफाई देते हुए राहुल नार्वेकर ने कहा कि वीडियो में दिखाई गई घटना शुक्रवार की है।

उन्होंने कहा,

मैं वहां से गुजर रहा था। उस समय दो किसानों के बीच जमीन की माप-जोख को लेकर आपसी विवाद चल रहा था। वे आपस में झगड़ रहे थे। मैंने केवल इतना कहा कि आप लोग झगड़ा न करें और जो भी हो, उसे शांतिपूर्वक सुलझाएं। इसके बाद मैं वहां से चला गया। मेरा उनसे कोई संबंध नहीं है। यह बात वीडियो में भी स्पष्ट दिखाई दे रही है, लेकिन इस घटना को बेवजह तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है।

उर्दू दैनिक तामीर के २५ वो साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# मॉडल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, जालना के तत्वावधान में बेस्ट टीचर्स अवॉर्ड्स वितरण का शानदार समारोह

जालना : संवाददाता

शिक्षा से ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित होती है और उसी के माध्यम से सफलता के मार्ग प्रशस्त होते हैं। शिक्षण कार्य में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका अविस्मरणीय है। शिक्षक ही समाज और राष्ट्र की उन्नति में अहम योगदान देते हैं। एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उसी प्रकार समर्पित रहता है, जैसे एक माली २४ घंटे अपने पौधों की देखभाल करता है। शिक्षक एक ऐसा पेशा है जिसका हर धर्म, हर समाज और हर वर्ग में अत्यंत सम्मानजनक स्थान है। शिक्षक केवल राष्ट्र के निर्माता ही नहीं, बल्कि अपने सभी विद्यार्थियों के लिए आदर्श (रोल मॉडल) भी होते हैं।



इन विचारों को शहर के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने उस अवसर पर व्यक्त किया, जब जालना के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाएं देने वाले शिक्षकों को मॉडल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, जालना की ओर से मिसाली (आदर्श) शिक्षक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी ओर से हर्ष व्यक्त करते हुए सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

यह पुरस्कार समारोह परसों हुदा उर्दू हाई स्कूल, जालना में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक अर्जुनराव जी खोतकर के हाथों प्रदान किए गए।

बेस्ट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षकों में –

हाजी मखदूम उर्दू प्राइमरी स्कूल के शिक्षक मोहम्मद कासिम एजाज़ सिद्दीकी सर,

नेशनल उर्दू हाई स्कूल के मोहम्मद हनीफ सौदागर सर,

मदीनतुल उलूम, चंदन झीरा के शेख इस्माईल सर,

सर सैयद अहमद खान उर्दू प्राइमरी स्कूल, जालना के नसीर अहमद सर,

तथा हाजी मखदूम उर्दू प्राइमरी स्कूल के गाजी तारिक अहमद नदवी सर शामिल रहे।

इन सभी शिक्षकों को सम्मान प्राप्त होने पर शहर के शैक्षणिक जगत, शिक्षकों, अभिभावकों तथा बुद्धिजीवियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ये सभी शिक्षक न केवल शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, बल्कि समाज में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

इस समारोह में जालना की शैक्षणिक, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का आयोजन मॉडल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्री शेख अब्दुल वहीद के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मौलाना आझादचे इम्रान काद्री यांनी काझी अमान यांना दिल्या शुभेच्छा !



गेवराईचे ज्येष्ठ पत्रकार काझी अमान यांना महाराष्ट्र पत्रकार संघाचा मूकनायक पुरस्कार मिळाल्याबद्दल मौलाना आझाद आर्थिक विकास महामंडळाचे बीड जिल्हा व्यवस्थापक इम्रान काद्री यांनी शुक्रवार, दिनांक १३ फेब्रुवारी २०२६ रोजी सायंकाळी गेवराईला जाऊन त्यांचा हृदयसत्कार केला आणि पुढील वाटचालीसाठी त्यांना शुभेच्छा दिल्या. याप्रसंगी मुशीर इनामदार हे उपस्थित होते.

# यूनानी पद्धति को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जाएगा : केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव

मुंबई, १४ फरवरी (यूएनआई)

केंद्रीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने घोषणा की है कि भारत सरकार यूनानी चिकित्सा पद्धति को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी, ताकि इस पारंपरिक और प्रभावी उपचार प्रणाली को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाया जा सके बल्कि वैश्विक स्तर पर भी प्रतिष्ठित स्थान दिलाया जा सके।

यह घोषणा मुंबई के ऐतिहासिक जे.जे. अस्पताल परिसर स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, यूनानी चिकित्सा (आरआरआईयूएम) के नवीनीकृत को-लोकेशन सेंटर के उद्घाटन अवसर पर की गई। इस कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय, यूनानी अनुसंधान से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ तथा सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन यूनानी मेडिसिन (सीसीआरयूएम) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री जाधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष की सभी शाखाएं, विशेष रूप से यूनानी चिकित्सा, भारत की सदियों पुरानी चिकित्सा परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान, क्लिनिकल प्रमाण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से और मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य एक ऐसे समन्वित स्वास्थ्य मॉडल (इंटीग्रेटिव हेल्थकेयर) को बढ़ावा देना है, जिसमें आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक उपचार पद्धतियां एक-दूसरे की पूरक बनें।

आरआरआईयूएम के को-लोकेशन सेंटर के नवीनीकरण और विस्तार का कार्य लगभग ३.८४ करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। वर्ष १९८४ में स्थापित यह संस्थान पिछले चार दशकों से चिकित्सा अनुसंधान, शिक्षण गतिविधियों और रोगी सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, निदान उपकरणों और शोध अवसंरचना से सुसज्जित यह केंद्र यूनानी चिकित्सा में साक्ष्य-आधारित अनुसंधान को नई दिशा देगा। विशेषज्ञों के अनुसार इस उन्नयन से अनुसंधान की गुणवत्ता में वृद्धि होगी और युवा शोधकर्ताओं तथा छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे।





उद्घाटन समारोह के तुरंत बाद यूनानी दिवस २०२६ के औपचारिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर यूनानी प्रैक्टिस में नवाचार और साक्ष्य विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन भी केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में मुंबई के प्रसिद्ध यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य यूनानी चिकित्सा में नवाचार, वैज्ञानिक प्रमाणिकता और व्यावहारिक उपयोगिता को उजागर करना है।

सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों तथा उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में यूनानी चिकित्सा की समकालीन प्रासंगिकता, वैश्विक स्वीकृति और अनुसंधान की नई संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वैज्ञानिक सत्रों में विभिन्न रोगों के उपचार में यूनानी औषधियों की प्रभावशीलता पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। वहीं पैनल चर्चाओं में समन्वित स्वास्थ्य मॉडल और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में यूनानी चिकित्सा की भूमिका पर विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर सीसीआरयूएम के नए सहयोगात्मक वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन का भी शुभारंभ किया गया। इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उद्देश्य शोध सामग्री तक आसान पहुंच, चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के बीच समन्वय को बढ़ावा देना तथा आम जनता को प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराना है। इसके अलावा नई शोध एवं शैक्षणिक प्रकाशनों का विमोचन, विभिन्न संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान, यूनानी चिकित्सा पर आधारित जानकारीपूर्ण वीडियो का प्रदर्शन तथा उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले विशेषज्ञों को सम्मानित भी किया गया।

स्थानीय विधायक अमीन पटेल ने कहा कि भवन के नवीनीकरण में केंद्र के प्रभारी डॉ. मस्रूर ने विशेष रुचि दिखाई, जिसके परिणामस्वरूप आज यह आधुनिक रूप में उद्घाटित हुआ है और इससे सैकड़ों मरीज लाभान्वित होंगे।

गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष ११ फरवरी को यूनानी दिवस प्रख्यात चिकित्सक, शिक्षाविद और स्वतंत्रता सेनानी हकीम अजमल खान की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में यूनानी चिकित्सा के पुनरुत्थान और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

अपने संबोधन के अंत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को मुख्यधारा में लाकर उन्हें वैज्ञानिक आधार पर सशक्त बनाना और वैश्विक स्तर पर उनकी स्वीकृति बढ़ाना है। आधुनिक शोध पद्धतियों, क्लिनिकल प्रमाण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से यूनानी चिकित्सा न केवल भारत बल्कि विश्व स्वास्थ्य प्रणाली में भी प्रभावी और विश्वसनीय भूमिका निभा सकती है। मुंबई में आयोजित यह सम्मेलन इसी संकल्प का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

**पान १ वरून**

**मां और मिट्टी से हमारा गहरा रिश्ता'...**

ग्रामीण महाराष्ट्र में नई पहचान बनाई, उसी प्रकार पशुसंवर्धन विभाग भी आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पशुपालन के माध्यम से युवाओं को रोजगार योग्य और उद्योगी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन उद्योग योजना प्रस्तावित की गई है। इस योजना के माध्यम से २४ लाख ग्रामीण युवाओं को उद्यमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र दुग्ध उत्पादन में देश में पांचवें स्थान पर है और इस योजना के माध्यम से राज्य को और आगे ले जाने का प्रयास किया जाएगा। पशुसंवर्धन के जरिए रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति देकर मुख्यमंत्री का नाम महाराष्ट्र के जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

एक्सपो २०२६ के अवसर पर महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान (उमेद) के अंतर्गत पात्र महिला बचत समूहों को प्रतीकात्मक रूप से ऋण वितरण किया गया। 'उमेद सखी महिला शेतकरी उत्पादक कंपनी' को १२ लाख २७ हजार ५०० रुपये की अनुदान राशि का प्रथम किश्त मुख्यमंत्री के हाथों प्रदान किया गया।

इसके अलावा पशुसंवर्धन विभाग की 'महापशुधन वार्ता' मासिक पत्रिका के दसवें अंक तथा वर्ष २०२६ की विभागीय कैलेंडर का विमोचन किया गया। परळी वैजनाथ स्थित डॉ. भालचंद्र सार्वजनिक वाचनालय का ऑनलाइन लोकार्पण भी मुख्यमंत्री के हाथों संपन्न हुआ। साथ ही भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी राज्यस्तरीय पशुरोग अन्वेषण प्रयोगशाला, पुणे की मोबाइल प्रयोगशाला का शुभारंभ भी किया गया। पशुप्रदर्शनी में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता पशुपालकों को मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कार वितरित किए गए।

---------

**'एक ही मिशन-शासन सेवा में समायोजन'...**

निरस्त कर सभी कर्मचारियों की नियुक्ति राज्य निधि एसोसिएशन (सोसायटी) के माध्यम से की जाए और समान काम, समान वेतन नीति लागू की जाए।

अन्य विभागों की तरह मनरेगा विभाग की स्वतंत्र व्यवस्था (स्वतंत्र यंत्रणा) तैयार की जाए तथा पदानुसार संरचना (आकृति बंध) बनाई जाए। इस मांग को लेकर जिला चखड समन्वयक, कार्यक्रम प्रबंधक, सहायक कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, क्लर्क कम डाटा एंट्री ऑपरेटर और वाहन चालक संघ के हजारों कर्मचारी मुंबई के आज़ाद मैदान में आंदोलनरत हैं।

'/ शासन तुरंत संज्ञान लेकर न्याय दे – मंगेश चोरमले

पिछले दस दिनों से मनरेगा विभाग के ३४ जिलों के ४३०० कर्मचारियों का अन्नत्याग (भूख हड़ताल) आंदोलन जारी है। हमारी तीन प्रमुख मांगें हैं। जब तक हमारी मांगें स्वीकार नहीं की जातीं, तब तक आंदोलन और अधिक तीव्र रूप से जारी रहेगा। शासन से मांग है कि वह तत्काल आंदोलन का संज्ञान लेकर हमारी मांगें मान्य करे और हमें न्याय प्रदान करे।

---------

**शिवाजी महाराज और टीपू सुल्तान...**

खिलाफ लड़े।

सपकाळ ने आगे आरोप लगाया कि जब शिवाजी महाराज और टीपू सुल्तान विदेशी ताकतों से संघर्ष कर रहे थे, तब संघ-भाजपा विचारधारा से जुड़े लोग अंग्रेजों की सेवा और जासूसी में लगे थे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और आरएसएस के कुछ नेताओं, जिनमें भगतसिंह कोश्यारी का नाम भी शामिल है, ने शिवाजी महाराज के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिसे महाराष्ट्र की जनता भूली नहीं है।

साथ ही सपकाळ ने यह भी उल्लेख किया कि संविधान की मूल प्रति में शिवाजी महाराज और टीपू सुल्तान दोनों के चित्र अंकित हैं।

------

**पंकजा मुंडेका परळी में...**

का समाधान कर उन्हें बीड नगर पालिका के माध्यम से न्याय दिलाना आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनता द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सफलतापूर्वक निभाएं।

पंकजाताई मुंडे ने आगे बीड शहर के सर्वसामान्य नागरिकों की सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एड. गोविंद शिराळे पाटिल को शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा बीड नगर परिषद के पूर्व सभापति एवं लोकशाही पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष नवनाथजी अण्णा शिराळे पाटिल, बीड जिला नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती मीराताई गाधंले, लोकशाही पत्रकार संघ के संस्थापक बीबी वैद्य साहब, पेठ बीड क्षेत्र के पूर्व नगरसेवक बाबूराव पडळकर तथा लोकशाही पत्रकार संघ के बीड जिला संघटक संजय देवा कुलकर्णी कुक्कडगांवकर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

---------

**पांच लाख रुपये की...**

मारपीट, भूखा रखना तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

करीब छह माह पहले मायके पक्ष के रिश्तेदारों ने समझौता कराने का प्रयास किया था। कुछ समय तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन १८ दिसंबर २०२५ को पुनः पैसों की मांग करते हुए मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिए जाने का उल्लेख शिकायत में किया गया है।

इसके बाद संबंधित महिला बीड स्थित मायके आ गईं। उन्होंने भरोसा सेल में भी संपर्क किया, लेकिन पति के अनुपस्थित रहने के कारण पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

इस आधार पर पति मोहम्मद अब्दुल अतीक के विरुद्ध पेठ पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

---------

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com